## सार-समाचार

### डॉ. जगदीश बरवड़ जिलाध्यक्ष बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत मीणा एवं प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह करोल की सहमति से झुंझुनूं जिले के बगड कस्बे निवासी एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक डॉ. जगदीश बरवड को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. बरवड ने इस अवसर पर कहा कि संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिले में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। डॉ. बरवड के जिलाध्यक्ष बनने पर भीम आर्मी और अंबेडकर विचार मंच, बगड द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। समाज के विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक महावीर सानेल, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, बगड के पूर्व चेयरमैन सतवीर वरबड़, कासिमपुरा के पूर्व सरपंच बनवारी गोठवाल, सैनी समाज के जिलाध्यक्ष महेंद्र शासत्री, अंबेडकर स्मृति संस्थान के फूलचंद बरवड, अजाक के पूर्व जिलाध्यक्ष मोतीलाल आलड़िया, व्याख्याता करणीराम बरवड, प्रो. किशोर बरवड, एईएन रामप्रताप बरवड़, व्याख्याता रामकिशोर निर्मल, सांख्यिकी अधिकारी श्योपाल निर्मल, रिटायर्ड डिप्टी निरंजनप्रसाद आल्हा, एडवोकेट सत्यपाल रसकरण, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष नरेश सैनी, डॉ. राजेंद्र महरिया, प्रिंसिपल पवन कुमार बुंदेला व व्याख्याता बलबीर बुंदेला आदि प्रमुख थे। सभी ने कहा कि यह मनोनयन संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे सामाजिक समरसता और अधिकारों की रक्षा के प्रयासों को और बल मिलेगा।

### एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को ऑनलाइन एकल गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्था के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के प्रभारी प्रो. हितेश सैनी ने ऑनलाइन मंच के माध्यम से पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया। निर्णायक मंडल में डॉ. बीएल सैनी प्राचार्य शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय श्रीमाधोपुर, आयना सैनी प्रधानाचार्या चिडावा, व्याख्याता मक्खनलाल सैनी एवं संगीतकार खेमू की ढाणी शामिल रहे। जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि गायन हमारे जीवन का एक व्यायाम है, जो मानसिक तनाव को दूर कर आत्मिक शांति प्रदान करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भी व्यापक रूप देने की घोषणा की। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान नित्या सैनी पुत्री मुकेश सैनी सुलताना, द्वितीय स्थान दीप्ति सैनी पुत्री प्रतीक सैनी पिलानी, तृतीय स्थान जयंत सैनी पुत्र सुरेंद्रसिंह सैनी पकौड़ी ढाणी रहा। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान महेश कुमार सैनी सूरजगढ़, द्वितीय स्थान डॉ. राजेश सैनी मेघसागर, तृतीय स्थान सरोज सैनी सुलताना रही।

### रजत जयंती महोत्सव संपन्न

**सीकर,** (निसं)। सीकर कायस्थ हितकारिणी समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के सोमवार को आयोजित रजत जयंती समारोह में भाग लिया। मानसरोवर जयपुर में आयोजित समारोह महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुमार संभव के सानिध्य में हुआ। सीकर कायस्थ हितकारिणी समिति अध्यक्ष राधाकृष्ण माथुर ने विचार व्यक्त करते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कही। समिति संरक्षक प्रदीप माथुर ने वर्तमान समाज की स्थिति के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए युवा पीढ़ी को जागरूक करने पर बल दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेशचंद्र माथुर ने श्री चित्रगुप्त प्राकट्ययोत्सव की एकरूपता पर बल देते हुए आयोजन प्रतिवर्ष एक ही तिथि को आयोजित करने एवं समाज की एकता पर विचार व्यक्त किए। महासचिव अश्विनी माथुर व नंदलाल माथुर ने अपने विचारों से अवगत कराया। इस दौरान राजस्थान कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों के साथ सुरेशचंद्र माथुर, राजेश माथुर, अभिषेक माथुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम सामूहिक भोज के साथ संपन्न हुआ।

### चूरू में पेयजल संकट गहराया

**चूरू,** (निसं)। चूरू जिला मुख्यालय पर बिजली विभाग वाले जलदाय विभाग के जी का जंजाल बने हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार यहां नई सड़क पर स्थित घरों में दो दिन से पानी की एक बूंद नहीं पहुंची है। इस कारण यहां पेयजल संकट गहरा गया है। दूसरी तरफ प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है। नई सडक ही नहीं यहां रीको एरिया, आवासन मंडल और विभिन्न वार्डों में लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। यहां के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी रेंग रही है, क्योंकि उनके घरों में तो चिल्ड पानी से भरी केन सवेरे ही पहुंच जाती है। नामी कम्पनियों के वाटर कुलर लगे हैं, वो अलग है। अब आम नागरिक जाए तो कहां जाए? कुल मिलाकर यहां तथाकथित अधिकारी और जनप्रतिनिधि भाजपा सरकार की नाक कटवाकर सिर पर धूल डाल रहे हैं। इस बात से किसी को ज्यादा ही दर्द हो रहा है तो पेयजल सप्लाई सुचारू करवा दो।

### क्षतिग्रस्त छापर देवाणी सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा

**सुजानगढ़** (निसं)। सुजानगढ़ व छापर वासियों के लिये ख़ुशी की खबर है कि आने वाले दिनों में छापर कस्बे को जोड़ने वाली छापर से देवाणी की अधूरी पड़ी सड़क का अब शीघ्र निर्माण करवाया जाएगा।आज इस सडक के निर्माण के लिये राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को ज्ञापन सौंपकर अधूरी सड़क को शीघ्र बनवाने की मांग की है।इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि शीघ्र ही उक्त सड़क का निर्माण करवाकर लोगों को राहत प्रदान की जाएगी।राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष किलक ने बताया कि छापर देवाणी सड़क मार्ग की हालत खस्ता हालत में है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है,उक्त सड़क का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा,जिससे समय व धन की बचत होगी।इस दौरान देवाणी निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रेखाराम गोदारा व व्यवसायी नवीन डूडी भी मौजूद रहे।

### गौ सवामणी का आयोजन

**सीकर** (निसं)। श्री श्याम भक्त मंडल, मंढा मे संचालित गौशाला मे गायो की सेवार्थ आमरस की गौ सवामणी का भव्य आयोजन रविवार को श्री चांदमल एवं श्रीमती विमला देवी अग्रवाल (बिंदल) निवासी सीकर के सौजन्य से किया गया। यह जानकारी देते हुये मंडल व गौशाला प्रतिनिधि बृज मोहन मितल ने बताया कि अग्रवाल दम्पति ने गायो की सेवार्थ आमरस को स्वयं बनाकर गौमाताओ की पूजा अर्चना कर गायो को भोग लगाया।इस धार्मिक अनुष्ठान मे अग्रवाल परिवार सहित सत्यनारायण बिदावतका, द्रोपदी अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, शम्भु दयाल मोदी, कमल कुमार पटवारी, सुरजा राम चौधरी, अनिल तोदी, चंद्र प्रकाश दोदराजका, नंद किशोर काबरा, मालचंद मोदी, प्रशांत, निशान्त, विशांत, झिलमिल अन्य मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में वाटर कूलर भेंट किया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के भामाशाह स्व. मांगीलाल बिरमेचा की याद में उनकी धर्मपत्नी पुष्पा देवी एवं सुपुत्र-विक्रम, विशाल, आकाश, विकास के सप्रेम भेंट किए गए वाटर कूलर को भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने मां जालपा देवी महाविद्यालय को सुपुर्द किया। जांगिड ने कहा कि शैक्षिक क्षेत्र में अपनी अमूल्य पूंजी से दान देना अत्यंत पुण्य का कार्य है और वह दान विद्यार्थियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए किया गया है जो बहुत बड़ी बात है। महाविद्यालय स्टाफ को भेंट किए गए वाटर कूलर के लिए बिरमेचा परिवार का जांगिड ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच संदीप सिंह राठौड, हंसराज परिहार, पंकज जांगिड सहित महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### शिक्षक भवन में बैठक हुई

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारत की जनवादी नौजवान सभा ग्राम नयासर की बैठक तहसील उपाध्यक्ष तौफीक की अध्यक्षता में शिक्षक भवन इंदिरा नगर में संपन्न हुई। जिसमें बतौर पर्यवेक्षक जिला महासचिव योगेश कटारिया मौजूद रहे। बैठक में गांव में व्याप्त साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के ऊपर चर्चा की गई तथा आगामी आंदोलनात्मक रणनीति बनाई गई। अंत में 15 सदस्यों की ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शाहिद कुरैशी, महासचिव आकिल, कोषाध्यक्ष व सोशल मीडिया प्रभारी अनस को बनाया गया। शाहिद, समीर कुरैशी, फैजान, अनीश, नोमान, अब्दुला, समीर, साहिल, तौसिफ, रिहान, जहीर, सैफ को सदस्य बनाया गया।

# मानसून के दौरान नगर परिषद सभी व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें : जिला कलेक्टर

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारियों से कहा कि मानसून के दौरान शहर में जल भराव वाले क्षेत्रों का सघन भ्रमण कर पानी निकासी के लिए समुचित व्यवस्थाएं मिट्टी के कट्टे, ड्रेगन लाईट, क्रेन, मडपम्प, नोकायान का प्रबंध करने सहित समस्त नगर परिषद, नगर पालिकाओं में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के गोताखोरों की सूची मोबाईल नम्बर सहित तैयार करें ताकि आवश्यकता होने पर उनकी मदद ली जा सके।



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

जिला कलेक्टर शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की कनिष्ठ अभियन्ता को निर्देश दिये कि नवलगढ पुलिया सहित पीडब्ल्यूडी के जिन निर्माण कार्यों को पूर्ण कर दिया गया है, वहां पड़ा अनावश्यक सामान हटवाया जाए ताकि यातायात में बाधित नहीं हो और आवागमन सुचारू हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि सार्वजनिक निर्माण विभाग रेलवे अंडरब्रिज, राधाकिशनपुरा के अण्डर ब्रिज सहित जिले के समस्त अण्डर ब्रिज जहां बरसात का पानी भरता हो वहां पर पानी के लेवल के तथा हर्ष, जीणमाता, जीणवास में बरसाती पानी के , सिंचाई विभाग को नदी, तालाब, रपट्टा पर भी संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने खनिज विभाग को खनिज की खदानों में जहां पर बरसात का पानी भरता हो उन पर विशेष निगरानी रखने तथा शिक्षा विभाग को छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में वर्षा जल एकत्रित होने वाले जगहों पर नहीं जाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के त्वरित एवं गंभीर निस्तारण करने के साथ ही एवरेज डिस्पोजल टाईम एवं परिवादी की संतुष्ठि का स्तर बढ़ाने तथा पीएचईडी एवं विद्युत विभाग को आपदा की स्थिति में पेयजल व बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

जिला कलेक्टर शर्मा ने ''हरियालों राजस्थान'' अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधारोपण की अपील करते हुए कहा कि अधिकाधिक पेड़ लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पेड़ होंगे तो हम जीवित रहेंगे। उन्होंने वन विभाग को हरियालों राजस्थान अभियान के दौरान जिले में अधिकाधिक पौधा रोपण के लिए कार्य योजना तैयार कर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति बढ़ाने के लिए एलडीएम को विशेष प्रयास करने को कहा।

**सबल पखवाड़े के अंतर्गत विशेष दिशा-निर्देश:-** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने 24 जून से 9 जूलाई तक ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा'' के अंतर्गत विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि विद्युत विभाग पखवाडे के दौरान विद्युत के ढीले तारों को दुरुस्त कराने, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को स्वामित्व योजना में अधिकाधिक पट्टे वितरित करने, पीएचईडी विभाग को पेयजल टंकियों की साफ-सफाई कराने, वन विभाग पौधारोपण, खाद्य विभाग को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में लंबित अपीलों का निस्तारण करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण एवं टीबी मुक्त भारत अभियान में जनजागरूकता बढाने के निर्देश दिए।

■ 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में समस्त विभाग आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करें'

**बैठक में ये अधिकारी मौजूद रहे:-** बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, संयुक्त निदेशक डीओआईटी सत्यनारायण चौहान, जलदाय विभाग के अधीशाषी अभियन्ता आर.के. राठी, डीटीओ तारांचद बंजारा,संयुक्त निदेशक पशुपालन राजेन्द्र कृष्ण काला सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में सीकर की टीम विजेता रही

**कोलसिया,** (निसं)। एचएमटी ग्रुप कोलसिया के तत्वावधान में गांव कोलसिया की श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में चल रही शेखावाटी प्रीमियर लीग-6 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें रात्रि रविवार को रोचक मुकाबला हुआ। पहला मैच सीकर व नवलगढ़ के बीच खेला गया। इसमें सीकर ने जीत दर्ज की और दूसरा मैच हनुमानगढ़ व धोद सीकर के बीच खेला गया। इसमे हनुमानगढ़ ने जीत दर्ज की और तीसरा मैच हनुमानगढ व सीकर के बीच खेला गया।

सीकर ने जीत दर्ज की। भामाशाह हेमंत दूत ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि खेलों से न सिर्फ हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। बल्कि इससे अनुशासन की भावना का विकास होता है। मैदान में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। जिन्होंने चौकों-छक्कों पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता की विजेता टीम को एक लाख 11 हजार तथा उप विजेता को 55 हजार रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा।

साथ ही मैन ऑफ दी सीरीज रहने वाले प्रतिभागी को मोटरसाइकिल व अन्य कई प्रकार के ईनाम वितरित किए जाएंगे। इस दौरान श्याम सुंदर पारिक, विकास दूत, दिनेश दूत, राजेश दूत, श्यामसुंदर सोनी, कमलदास महाराज, अभिषेक शर्मा, विशाल कुमावत, कपिल कुमावत, रणजीत सुनिया, आकाश जांगिड़, विकास कुमावत, सुभाष मूंड, चेतन दूत, रोहिताश (भाजा), किशोर सोनी, सचिन दूत, सुनिल सैन, नरेश कुमावत, राहुल कुमावत आदि मौजूद थे।

### भागवत कथा का शुभारंभ

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के उतरादा बास स्थित बाबा भोलानाथ बगीची में वंदना कंवर विष्णु सिंह बड़गुर्जर के सौजन्य से भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए संत हरिशरण महाराज ने कहा कि भागवत कथा मुक्ति का मार्ग है, तथा भागवत सुनने मात्र से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। इसलिए कथा सुनने के लिए सभी को समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त से त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करें, उसे हम भागवत कहते है। महाराज ने कहा कि भक्ति में ही शक्ति है। यदि सच्चे मन से भगवान को याद किया जाता है, तो वें दौड़े चले आते है। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना बगीची की संत परमेश्वरी बाई, किरण बाई, संत राधाकृष्ण प्रजापत, बलदेव सिंह सांखला, शंकर लाल प्रजापत, श्री रामकृष्ण गौशाला दडीबा के अध्यक्ष किशन लाल भौभरिया, ममता कंवर सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की।

# सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बैठक ली

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सोमवार को सीएमएचओ सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में मंडावा, मलसीसर और झुंझुनूं ब्लॉक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने टीबी कंट्रोल के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए गए 100 दिवसीय कार्ययोजना के विभिन्न मानकों के अनुरूप कार्य कर आवंटित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि टीबी मरीजों को पोषण युक्त भोजन और आहार उपलब्ध कराने के लिए निक्षय मित्र बनाने के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में भामाशाहों की बैठक आयोजित हो चुकी है। जिसमें 1400 किट उपलब्ध कराने के लिए सहमति बन चुकी है। इन निक्षय मित्रों से लगातार समन्वय स्थापित कर टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराए जाने है। सभी बीसीएमओ इस कार्यक्रम को गंभीरता से लेकर सफल क्रियान्वयन करे। साथ ही उन्होंने मा योजना के ज्यादा से ज्यादा पैकेज बुक करने, आयुष्मान कार्ड वितरण शत प्रतिशत करने ईकेवाईसी करने के निर्देश दिए। बैठक में आरसीएच कार्यक्रमों की समीक्षा आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह, मौसमी बीमारियों और एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अभिषेक सिंह ने की। बैठक में बीसीएमओ झुंझुनूं डॉ. रेखा, बीसीएमओ मलसीसर डॉ. राहुल सुमन, बीसीएमओ मंडावा डॉ. संजीव कुलहरि, तीनों ब्लॉक के बीपीओ सहित ब्लॉक का समस्त सीएचसी पीएचसी प्रभारी एवं स्टॉफ मौजूद रहे।



सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने मंडावा, मलसीसर और झुंझुनूं ब्लॉक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली।

### श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने कहा कि मुखर्जी राष्ट्रवाद व अखंड भारत के समर्थक थे। उन्होंने एक देश, एक संविधान और एक निशान का नारा दिया। भारत की एकता के लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स पीआर डेवलपर्स, पता-सीता राम भंडार के पीछे, पोस्ट- पिलानी, जिला- झुंझुनू - 333031 राज. कि रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस जिला उद्योग केंद्र झुंझुनू (राज.) में जरिए रजिस्ट्रेशन नंबर- DIC/17/17/75 दिनांक- 13/11/2013 से भागीदारी फर्म में पंजीकृत है यह कि (i) महिपाल सिंह पूनिया पुत्र श्री सुल्तान सिंह पूनिया, स्वेच्छा से दिनाँक 23-06-2025 से रिटायर हो रहे है एवं इस दिनांक से श्रीमती कमलेश रणवा पत्नी श्री रोहिताश्व रणवा नए भागीदार के रूप मे फर्म में सम्मिलित हो रही है वर्तमान में (i) रोहिताश्व रणवा (ii) कमलेश रणवा फर्म में सक्रिय भागीदार है इस संबंध में भागीदारों के मध्य किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस झुंझुनू, में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है ।

इति दिनांकः- 23-06-2025



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना'**

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.:** 1, **निविदा संख्या / कार्य का नाम:** निविदा सं. ई. जेपी-2025-26-27, सहायक मण्डल इंजीनियर (सीकर) क्षेत्र: सीकर चुरू सैक्सन में उच्च ट्रैक के तटबंध ढलान के सुधार करने के लिये पत्थर/ईट/पिचिंग/टो वॉल बनाना और सहायक मण्डल इंजीनियर (सीकर) के सैक्सन में ट्रैक के तहत सैस और बैन्क ढलान की मरम्मत का कार्य, **अनुमानित लागत:** 48697677.46, **बिड प्रतिभूति राशि:** 393500.00, **क्र.सं.:** 2, **निविदा संख्या / कार्य का नाम:** निविदा स. ई. जेपी-2025-26-28, सहायक मण्डल इंजीनियर (रींगस) क्षेत्र: डिटोर पुलिया के निकट किलोमीटर 184/5-6 और 186/8-9 पर पिचिंग तथा बैन्क की मरम्मत का कार्य करना और सहायक मण्डल इंजीनियर (रींगस) के कार्य क्षेत्र के अर्न्तगत ट्रैक की सैस और बैन्क ढलान की मरम्मत का कार्य, **अनुमानित लागत:** 48710647.53, **बिड प्रतिभूति राशि:** 393600.00, 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा संख्या इंजी./जय/2025-26/27 से 28 की बन्द होने की तिथि 18.07.2025 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 18.07.2025 समय 16.00 बजे ।

**724-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# राजस्थान भारत स्काउट गाइड पाटन का कौशल विकास शिविर आयोजित

**पाटन** (निसं)। राजस्थान भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ पाटन द्वारा आयोजित कौशल विकास शिविर का समापन समारोह सोमवार को पाटन ग्राम पंचायत परिसर में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने की। उन्होंने शिविर के दौरान संचालित विविध कौशल कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजकों एवं प्रशिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार सुभाष कुलहरी रहे, जिन्होंने बच्चों को व्यावसायिक कौशलों की महत्ता बताते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहर सिंह मंगवा ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिविरों के आयोजन को अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि छात्र यदि छुट्टियों में कुछ नया सीखते हैं, तो यह उनके व्यक्तित्व को निखारने और भविष्य के लिए एक नई दिशा देने का कार्य करता है।सीकर जिला स्काउट गाइड प्रधान बाबूलाल गुर्जर ने बालकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हस्तकला एवं लघु उद्योग जैसे विषयों पर केंद्रित यह शिविर बालकों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। शिविर संचालिका निर्मला देवी ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में बच्चों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें प्रमुख रूप से सिलाई कला श्रीमती निर्मला देवी, प्रधानाचार्य,नृत्य व मेहंदी कला: दीपिका,ब्यूटीशियन व मेहंदी:अनुष्का,कंप्यूटर शिक्षा: मनीष कुमार योगी,आत्मरक्षा व वाद्य यंत्र: शिवकुमार (पी.टी.आई),वाद्य यंत्र: मुरारीलाल,योग प्रशिक्षण: संदीप नेहरा, द्वारा प्रक्षिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार, व्याख्याता ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम में महेंद्र खटाना, मनोज जिंदल, नीरज, शिशपाल सैनी, आशीष, रेखा बाई सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान एवं जिनबिंब विराजमान महोत्सव आयोजित

**सीकर** (निसं)। सीकर के बजाज रोड स्थित श्री दिगंबर जैन नया मंदिर में श्री चौसठ ऋद्धि संपन्न 64 मंडलीय श्री वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान एवं जिनबिंब विराजमान महोत्सव आयोजन किया गया। इस दौरान 64 युगलों ने 64 मंडलीय श्री वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान का आयोजन किया इसके बाद ध्वजारोहण कमल किशोर संगही परिवार ने किया गया।

श्रीजी के जयकारे लगाए गए। जैन भवन से नया मंदिर तक भव्य जुलूस के साथ विधि-विधान से श्रीजी को मुख्य वेदी में विराजमान किया गया।प्रियंक गंगवाल ने बताया कि भगवान शांतिनाथ की मूर्ति विराजमानकर्ता पंडित फूलचंद शास्त्री परिवार सीकर दिल्ली एवं सुमतिनाथ भगवान मूर्ति विराजमानकर्ता स्वर्गीय मिश्रीलाल काला धोद इम्फाल बेंगलुरु थे सौधर्म इन्द्र बनने फतेहचंद काला परिवार धोद कुबेर इंद्र कमल गंगवाल परिवार सुरेरा वाले ईशान इंद्र पवन छाबड़ा परिवार पालवास वाले सानत इंद्र भागचंद सेठी परिवार खुड वाले माहेन्द्र इंद्र प्रकाश चंद काला परिवार धोद वाले का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोपाल काला मंत्री पवन छाबड़ा ने बताया कि मंगलाअष्टक,अभिषेक शांतिधारा के बाद सभी मांगलिक क्रियाएं हुई इस दौरान शांतिनाथ जी के सिंहासन मदन लाल पहाड़िया परिवार मांडोता वाले एवं छत्र मदन लाल छाबड़ा परिवार पालवास वाले,भामंडल राजकुमार संगही परिवार को सौभाग्य मिला और सुमतिनाथ जी का सिंहासन मनोज बज परिवार पलाड़ा वाले छत्र मुकेश कुमार लुहाडिया परिवार सुरेरा वाले भामंडल विमला देवी रतन पाटनी परिवार धोद वाले सीकर निवासी सूरत प्रवासी को सौभाग्य मिला श्री जी की शांति धारा फतेह चन्द काला,चिरंजी लाल काला और स्व. फूलचंद शास्त्री परिवार को मिला।

कार्यक्रम के दौरान वात्सल्य भोजन विमल कुमार झाँझरी (रेटा वाले) कमला देवी धर्मपत्नी श्रीमान स्वर्गीय राजकुमार मानजीका सीकर-सूर भागचंद नरेश कुमार कालीका परिवार पंडित फूलचंद शास्त्री परिवार परिवार सीकर-दिल्ली बुद्धि प्रकाश डॉ अंकुर ठोलिया मंडा वाले सीकर को प्राप्त हुआ श्री दिगम्बर जैन तेरहपंथ पंचायती नया मन्दिर के सभी सदस्य गोपाल काला पवन छाबड़ा विनोद संगही तेजकरण पिराका मुकेश लुहाडिया अंकित मानजीका प्रियंक गंगवाल ने लाभार्थी परिवारों का स्वागत सम्मान किया सांसारिक विषमताओं में लिप्त प्राणी मात्र के कल्याणार्थ मानव जीवन के हितार्थ तथा आत्मिक शान्ति की प्राप्ति दिगम्बर जैन नया मन्दिर में चौसठ ऋद्धि संपन्न 64 मंडलीय श्री वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान एवं जिनबिंब विराजमान महोत्सव मुनि प्रणम्यसागर महाराज के मंगल आर्शीवाद से पंडित श्री शुभम जैन 'शुभांश' बड़ा मलहरा वालों के द्वारा विधि विधान और अंशुल जैन एंड पार्टी सागर के गीत संगीत द्वारा वीतरागी जिनबिम्बों को विराजमान किया गया कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज एवं आसपास के क्षेत्र के धर्म प्रेमी बिंदु उपस्थित थे और जैन समाज के विभिन्न संगठनों ने व्यवस्था में सेवा प्रदान किया।



सीकर के बजाज रोड स्थित श्री दिगंबर जैन नया मंदिर में श्री चौसठ ऋद्धि संपन्न 64 मंडलीय श्री वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान एवं जिनबिंब विराजमान महोत्सव आयोजन किया गया।

### भजन संध्या हुई

**झुंझुनूं,** (निसं)। गांव सोती में ग्राम देवता स्वामी जी महाराज पर वार्षिक कार्यक्रम हुए। शनिवार को मंदिर परिसर भजन संध्या हुई। जिसमें गायकार जयसिंह महला, बुधराम, बाबूलाल, कुलदीप, सुरेश कुमार, प्रभु राईका इत्यादि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक भक्ति रस से बांधे रखा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। रविवार को प्रसाद वितरित किया गया।


**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ (चूरू)**

**नोटिस**

**न. मु. सन**

**सरकार बनाम राजेन्द्र**

1. महावीर पुत्र रतिराम जाति मेघवाल निवासी बैजूवा तहसील राजगढ़ (चूरू), 2. दिनेश पुत्र संजय जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 3. पुनम पुत्री संजय जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 4. बलवान पुत्र होशियार सिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 5. बिमला पुत्री होशियार सिंह जाति कुम्हार निवासी बेजुआ तह.राजगढ़ (चुरू), 6. मंजू पुत्री होशियार सिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 7. राजवीर पुत्र धर्मपाल जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 8. संजय पुत्र धर्मपाल जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 9. सोनू पुत्र संजय जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 10. कृष्णा पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 11. प्रेम पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 12. कविता उर्फ बबिता पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 13. मनिषा पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 14. रोशनी पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 15. संतोष पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 16. सुभाषचन्द्र पुत्र हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 17. सुमित्रा पुत्री हिराराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 18. रेशमा देवी पत्नी चंदगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 19. संदीप कुमार पुत्र चन्दगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 20. कृष्ण पुत्र चन्दगीराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 21. कविता पुत्री चंदगीराम जाति कुम्हार निवासी बाजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 22/1 शाना पत्नी जयसिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 22/2 पवन पुत्र जयसिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 22/3 पंकज पुत्र जयसिंह जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 23. नन्दलाल पुत्र नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 24. बहादुर पुत्र नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 25/1 वेदो पत्नी महावीर जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 26. रूपचन्द पुत्र नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 27. चन्दो पुत्री नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 28. बोबदी पुत्री नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/1 विद्या पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/2 बाला पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/3 सावित्री पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/4 सुमित्रा पुत्री रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 29/5 श्रवण कुमार पुत्र रोशनी जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 30. सन्तरो पुत्री नारायण उर्फ नारायणाराम जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 31. मीरा पत्नी दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 32 जयवीर पुत्र दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 33.तारामणी पुत्री दुलीचंद जाति कुम्हार निवासी बेजुआ तह. राजगढ़ (चूरू), 34. भंवरी पुत्री दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 35. भागीरथ पुत्र दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 36. मंजू पुत्री दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह. राजगढ़ (चूरू), 37. मुरारीलाल पुत्र दुलीचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 38. इंद्रराज पुत्र मामचंद जाति कुम्हार निवासी बाजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 39. तेजाराम पुत्र मामचन्द जाति कुम्हार निवासी बैजूवा तह.राजगढ़ (चूरू), 40. रामस्वरूप पुत्र मामचंद जाति कुम्हार निवासी बाजूवा तह. राजगढ़ (चूरू) आपको जरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि तहसीलदार राजगढ़ ने आपकी खातेदारी कृषि भूमि रोही ग्राम बैजूवा खसरा नं. 45,47,48,66,579/67, 580/67,541/64 में से सदामत का रास्ता राजस्व रिकार्ड में अंकन कराने बाबत प्रकरण धारा 131,132 भू राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया है जिसमें आप पक्षकार है। अतः इस प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु आगामी तारीख पेशी दिनांक 08.07.2025 को असालतन या वकालतन उपस्थित आवे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर निर्णय पारित कर दिया जावेगा। नोटिस आज दिनांक 18.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मोहरी से जारी किया गया है।